तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर, 2025



12 रिमोट से दहन हुआ 80 फुट उंचा रावण का पुतला





12 ग्रामीण एरिया की महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी




## खबर संक्षेप

### जीटी रोड पार करते समय महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में रोडवेज बस स्टैंड के पास जीटी रोड पार करते समय महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुई महिला को आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, हुडा सेक्टर 29 थाना के एसएचओ अनिल कुमार ने इस घटना की पुष्टी करते हुए बताया कि मृत महिला की उम्र करीब 28 वर्ष है और पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने विनीत उर्फ कोको पुत्र संजीव गांव झट्टीपुर को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि विनीत को उसकी के गांव के अड्डे से पकडा गया है। वहीं विनीत ने पुलिस को बताया उसने उक्त देसी पिस्तौल व कारतूस इसी साल की फरवरी माह में अपने दोस्त रविंद्र उर्फ मीन्ना निवासी विकास नगर से 45 हजार रुपए में खरीदा था। रविंद्र उर्फ मीन्ना की मार्च महीने में हत्या हो गई थी। इधर, आरोपी विनीत उर्फ कोको के खिलाफ थाना समालखा में केस दर्ज करवाया है।

### ग्रास का काल बने युवक की शिनाख्त नहीं हुई

**पानीपत।** पानीपत में रेलवे जंक्शन के पास रेलवे की ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) तार की चपेट में आ कर काल का ग्रास बने युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। मृतक की उम्र करीब 38 साल है। जीआरपी इसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। इसके लिए आसपास के जिलों में पुलिस को मृतक के फोटो भेजे गए है।

### डिपू धारक से प्राप्त करें सितंबर माह का राशन

**कैथल।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि सितम्बर में जो लाभार्थी राशन प्राप्त से वचिंत रह गए है, वे 8 अक्टूबर तक राशन प्राप्त कर सकते हैं। किसी लाभार्थी को राशन वितरण के सम्बन्ध में कोई शिकायत है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी निरीक्षक/ उप-निरीक्षक को शिकायत दें।

## सीएम नायब सैनी ने भगवान श्रीराम की महाआरती में लिया हिस्सा

# मर्यादा व सच्चाई के रास्ते पर चलना सिखाती है रामायण

*इस पावन पर्व पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन से बुराइयों को दूर करेंगे और समाज में अच्छाई, भाईचारे व प्रेम का संदेश फैलाएंगे : सैनी*



कुरुक्षेत्र। श्रीराम का तिलक करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लाडवा

- हरियाणा सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ विकास कार्य करवा रही : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन को सही दिशा देते हैं। रामायण हमें यह सिखाती है कि धैर्य, मर्यादा, भाईचारे और सच्चाई के रास्ते पर चलकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। आज के इस पावन पर्व पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन से बुराइयों को दूर करेंगे और समाज में अच्छाई, भाईचारे व प्रेम का संदेश फैलाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को ठाकुरी देवी स्कूल लाडवा के सामने श्रीराम हनुमान रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और गदा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रीराम की महाआरती की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समिति को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, एसडीएम पंकज सेतिया, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, नपा प्रधान साक्षी खुराना साथ रहे। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को विजयी दशमी, महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती की बधाई दी। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर भी शुभकामनाएं दी। आज का दिन अत्यंत विशेष है, क्योंकि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दशहरे का संदेश है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः उसका नाश निश्चित है और सत्य व धर्म की हमेशा जीत होती है। हरियाणा सरकार भी श्रीराम के आदर्शों पर चलकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ विकास कार्य करवा रही है। 3 अक्टूबर को केडीबी मेला ग्राउंड में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नए अपराधिक कानूनी के साकारात्मक परिणामों पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। अंग्रेजों के समय से कानून अभी तक देश में चले आ रहे थे। जिन्हें समाप्त करके देश के नए कानून लागू किए हैं। दउन्होंने नागरिकों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भी दिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, डॉ. अशोक निर्मल, सुशील गर्ग, जोगध्यान, कुश गर्ग, घनश्याम कंबोज, प्रधान राजेश वर्मा, हेमंत सैनी, नरेश गर्ग, अनिल मलिक, राकेश गर्ग, विपिन कम्बोज, अमित सिंहल, इशू कंबोज, रणित कम्बोज, देवराज राजू, सोमनाथ सोमी, राजेश अरोड़ा, पंकज, विपिन शर्मा, राकेश कंबोज, सुमित सिंहल, योगेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# धान की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से हो पारदर्शी : राणा



यमुनानगर । रादौर अनाज मंडी में दौरा करने के दौरान संबंधित अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने अनाज मंडी रादौर का किया निरीक्षण
- निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने संबंधित अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी रादौर में दौरा कर धान खरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और धान खरीद के कार्यों की समीक्षा की।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर अनाज मंडी में धान खरीद के ऑनलाइन गेट पास, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल, किसानों को शीघ्र भुगतान, स्वच्छता व्यवस्था एवं शिकायत निवारण प्रणाली का निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों व आढ़तियों की शिकायतें तुरंत उच्चाधिकारियों से समन्वय कर हल की जाएं ताकि किसी को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि धान की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित व समयबद्ध हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव राजीव चोपड़ा, आढ़ती सुशील बत्रा, सुभाष कांबोज व राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष अजयेश गोयल आदि मौजूद रहे।

# कनाड़ा भेजने के नाम पर ठगे 8.30 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

गांव मोड़ली निवासी रविंद्र कुमार को कनाड़ा भेजने के नाम पर आठ लाख 30 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप राजेश कुमार व बलवंत सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मोड़ली निवासी बलकार सिंह ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रविंद्र कुमार पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि राजेश कुमार व बलवंत सिंह लोगों का विदेश भेजने का काम करते हैं। वह फरवरी 2024 में अपने लड़के रविंद्र के साथ आरोपियों से मिला। आरोपियों ने कहा कि वह उसके लड़के को रोजगार के लिए कनाड़ा भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उससे अलग-अलग करके आठ लाख 30 हजार रुपये व उसके लड़के के जरूरी दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी उसके लड़के को कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

### एलसीएलओ की क्रमिक भूख हड़ताल जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 14वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ के राज्य महासचिव पवन पलवल ने की।

धरने का संचालन जिला प्रधान गुरमीत ने किया। राज्य महासचिव पवन पलवल ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ ने कहा कि जब तक सरकार छउछड कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे। आज क्रमिक अनशन पर प्रकाश,सं दीप, दीपक, कर्म सिंह,रवि बैठे।

## मंत्री विज नहीं पहुंचे समारोह में

# दशहरा पर्व में बरसात ने डाला खलल, रावण व मेघनाथ के पुतले गीले होने से रह गए अधजले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

- मंत्री विज की गैरमौजूदगी में पुतला दहन



अंबाला। बरसात में पुतले दहन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

दशहरा पर्व में वीरवार को भारी बरसात ने खलल डाल दिया। पिछले कई दिनों से पर्व को लेकर ट्विन सिटी में तैयारियां चल रही थी। मगर रावण-मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले दहन से ऐन पहले बरसात आ गई। आनन फानन में पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले आधे ही जल पाए । बरसात में गीले होने के कारण अंदर भरी आतिशबाजी भी नहीं चल पाई। अंबाला छावन के रामबाग में तो रामलीला मंचन का कार्यक्रम तक बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा। इस कार्यक्रम में मंत्री अनिल विज को भी पहुंचना था। बरसात के कारण मंत्री मौके पर नहीं पहुंच पाए जिसके बाद पुतलों का दहन कर दिया गया।

वीरवार को ट्विन सिटी में कई जगह दशहरा पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी थी। अंबाला छावनी में रामाबाग व अंबाला शहर में सेक्टर 8 हुडा ग्राउंड व अंबिका मंदिर मैदान के साथ ही प्रेमनगर में भी बड़े स्तर पर दशहरा मेला का आयोजन किया गया था। यहां विभिन्न रामलीला समितियों और धार्मिक संगठनों की ओर से रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले स्थापित किए गए थे। दोपहर से ही शहर में शोभायात्राएं और झांकियां निकाले जाने का सिलसिला चल रहा था।

### बारिश से भगदड़

जब ट्विन सिटी में सभी जगह रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतलों को दहन का कार्यक्रम होने वाला था, तभी अचानक बरसात शुरू हो गई। आनन फानन में पुतलों को दहन किया गया लेकिन बरसात की वजह से पुतले भीगकर नीचे गिर गए। इसी वजह से पुतलों में भरा बारुद भी बेकार हो गया। बरसात की वजह से आयोजक कमेटी के पदाधिकारियों के साथ दर्शकों को भी मौके से भागना पड़ा। बरसात की वजह से ज्यादातर दर्शकों में भगदड़ मच गई।

# गुरुओं के दिखाए रास्ते पर चलें श्रद्धालु : संत राजेंद्र

- खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में समागम का आयोजन हुआ

**इसराना।** खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में 350 साला श्री गुरु तेग बहादुर जी की लासानी शहादत को समर्पित दसवीं के मौके पर वीरवार को सालाना समागम का आयोजन किया गया। समागम के मौके पर हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान व उत्तराखंड के अलावा विदेशों से भी संगत ने समागम ने शामिल हो कर गुरूद्वारा इसराना साहिब में मत्था टेका। इस मौके पर आयोजित सालाना समागम में आई सगंत को दिए संदेश में संत बाबा राजेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि गुरूओं की वाणी व उन द्वारा बताए रास्ते पर चल कर ही कल्याण हो सकता है। शब्द गुरू को मान गुरूओं द्वारा दिए उपदेश पर चलें। उन्होंने कहा कि गुरूग्रंथ साहिब धार्मिक सहनशीलता व आपसी सदभाव का प्रतीक है जो इंसानियत व मानव कल्याण का रास्ता दिखाता है। उन्होनें बताया कि संत बाबा संतोख सिंह जी महाराज दशहरा दशवीं के दिन 1940 में हरपालके गांव से घर बार त्याग कर अपनी जिम्मेदारियां बडों के हवाले कर भक्ति के मार्ग पर निकलें थे। दशमी पर्व दरबार साहिब, संत बाबा संतोख सिंह महाराज के चक्रवर्ती होने में दिवस को समर्पित कर मनाया जाता है। समागम में एसपी भूपेंद्र सिंह, डीएसपी नवीन संधू, नगर निगम कमिश्नर विवेक चौधरी, एसडीएम नवदीप नैन ने शामिल हो कर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक संत जी से आशीर्वाद लिया। संत बाबा राजेन्द्र सिंह ने सभी को सरोपा व मोमेंटो भेंट किया। जबकि रागी जत्था हरकीरत सिंह, गगनदीप सिंह, मनिंदर सिंह, कथा वाचक ज्ञानी जानाल सिंह केसरी, ज्ञानी संतोख सिंह, डॉ गुरिंद्र सिंह, ढाडी जत्था सुरजीत सिंह ने संगत को सिखी इतिहास व गुरूवाणी शब्द गायन, गायिकी द्वारा सिखी इतिहास व गुरूवाणी सुना संगत को निहाल किया। गुरूद्वारा में दिनभर अटूट लगंर भी चला। इस मौके पर बाबा दलविंद्र सिंह, भाजपा नेत्री सुमित्रा जागलान, धर्मपाल जागलान व थाना प्रभारी महिपाल समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



इसराना साहिब में संत राजेंद्र अतिथियों को सरोपा भेंट करते हुए।

### विवाह में जानलेवा हमले के आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक में विवाह समारोह में दिनेश पर फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में इसी गांव के निवासी मोहित उर्फ गांधी पुत्र सतबीर व जींद जिला के गांव भाग खेड़ा निवासी रिंकू उर्फ बंटी को थाना मतलौडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मतलौडा थाना की उरलाना चौकी प्रभारी एएसआई अनिल ने बताया कि आरोपी मोहित पर पहले भी आर्म्स एक्ट में केस दर्ज है। इधर, दिनेश पर जान लेवा हमले के आरोप में उरलाना चौकी में सींक गांव निवासी अनिल पुत्र राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

# चैक पर फर्जी हस्ताक्षर कर व्यक्ति के खाते से निकाले 4.95 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

## पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

चैक पर फर्जी हस्ताक्षर कर गांव रटौली निवासी बलकार सिंह के अकाउंट से चार लाख 95 हजार रुपये निकाल लिए गए। आरोप रणधीर सिंह, गुरविंद्र, चरण सिंह व अरूण पंडित पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रटौली निवासी बलकार सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका बैंक में अकाउंट हैं। 26 अगस्त को बैंक में पैसे निकलवाने के लिए गया। इस दौरान उसे पता चला कि उसके अकाउंट से चार लाख 95 हजार रुपये कम है। जांच करने पर उसे पता चला कि यह पैसे रणधीर सिंह, गुरविंद्र, चरण सिंह व अरूण पंडित ने चैक के माध्यम से निकलवाए हैं।

जांच करने पर चैक पर उसके साइन फर्जी किए हुए थे। उसने इस बारे आरोपियों से बात की। मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## ढेरियों को तिरपाल से ढकने पर भी गीली होने से बच नहीं पाई धान

# बारिश से मंडी में बिकने के लिए आई किसानों की धान भीगी

- खेतों में जलभराव होने से डूबकर खराब हो गई फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बारिश के दौरान भीगती अनाज मंडी में पड़ी धान की बोरियां।

वीरवार दोपहर को हुई बारिश ने किसानों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। करीब आधा घंटा चली बारिश की वजह से अनाज मंडी में बिकने के लिए आई किसानों की धान भी भीग गई।

धान को भीगने से बचाने के लिए ढेरियों को तिरपाल से तो ढका गया, लेकिन लगातार चली बूंदाबांदी से किसानों की धान फिर भी गीली होने से बच नहीं पाई। पिछले करीब दस दिनों से धान की आवक मंडी में जारी है लेकिन उठान न होने से हजारों क्विंटल धान मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी है। किसानों का कहना है कि सैलर मालिक उठान में दिलचस्पी नही दिखा रहे है। बेमौसमी भारी बरसात के कारण किसानों के खेतों में पक कर तैयार खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं, जिससे किसानों का भारी नुकसान हो गया। किसान हुकुमचंद, सुरजीत सिंह राजकुमार, बलजीत सिंह ने बताया कि खेतों में धान की फसल पककर तैयार थी, जो बारिश के कारण जमीन पर बिछ गई। खेतों में जलभराव होने से डूबकर फसल खराब हो गई। इसके अलावा मंडियों में धान लेकर पहुंचे कुछ किसानों की फसल भी भीग गई। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। वहीं किसानों ने बताया कि कुछ किसानों ने खेतों में लगी धान की फसल की कटाई करवाकर अनाज मंडी में आढ़तियों के पास गिराई। खरीद न होने के कारण फसल मंडी में खुले आसमान के नीचे बारिश की भेंट चढ़ गई। जिसके चलते उन्हें भी भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।

### अब तक खरीदी 177434 मीट्रिक टन धान

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में धान की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन दोनों एजेंसियों ने 177434 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 145732 और हैफेड ने खरीदी 31702 एमटी धान का खरीद कार्य किया गया है। अहम पहलू यह कि खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 51 प्रतिशत व हैफेड द्वारा 46 प्रतिशत धान का उठान कार्य किया जा चुका है। इस सीजन में धान का 2389 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।*

# फाइनेंसर पर दबाव डालकर दो लाख हड़पने का आरोप

- पुलिस ने आरोपी फाइनेंसर के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर की जवाहर नगर कॉलोनी निवासी कुंवर पाल सिंह ने फाइनेंसर सुरिंद्र कुमार पर जबरदस्ती दबाव डालकर दो लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कुंवर पाल सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि अक्तूबर 2024 को उसे पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसे पता चला कि सुरिंद्र कुमार लोगों को ब्याज पर पैसे देने का काम करता है। एक अक्तूबर 2024 को वह आरोपी से उसके कार्यालय में मिला। उसने आरोपी से ब्याज पर पैसे ले लिए। इसके बाद आरोपी सुरिंद्र सिंह ने उस पर जबरदस्ती दबाव बनाकर उससे करीब दो लाख रुपये ले लिए। इसके बाद भी आरोपी उस पर पैसे वसूली के लिए धमकियां दे रहा है। आरोपी ने उसके घर आकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौच की। आरोपी ने उसकी पत्नी के कपड़े भी फाड़े। इसके साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसने परेशान होकर आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुरिंद्र कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### झुका नहीं तो फूंका रावण, धूं-धूकर जल उठे पुतले

# विजयादशमी असत्य एवं अहंकार पर धर्म और अच्छाई की जीत का प्रतीक

- मेघराज और कुंभकरण के पुतलों का दहन मुख्यातिथि जगमोहन आनंद ने रिमोट कंट्रोल बटन दबाकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





विजयादशमी के पावन अवसर पर करनाल के सेक्टर-4 नमस्ते चौक पर दशहरा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में नगरवासी और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगमोहन आनंद ने कार्यक्रम में शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में मेयर रेणु बाला गुप्ता, बृज भूषण गुप्ता, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, चेयरमैन यशपाल ठाकुर, चैयरमैन शिवनाथ कपूर, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, पार्षद संकल्प भंडारी, निरूपमा सदर, गौरव खुराना, मोहन लोधी, कुलदीप शर्मा, ईलम सिंह, राज सिंह, प्रमोद नागपाल, विकास कथुरिया, निर्मल बहल, बब्बू मंजूरा, अमित कुमार सिकंदर सलमानी सहित अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शोभा यात्रा में भगवान गणेश, माता दुर्गा, हनुमान जी, राधा–कृष्ण, अशोक वाटिका और बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार रावण की झांकी प्रमुख आकर्षण रही। आयोजन स्थल पर रावण, मेघराज और कुंभकरण के पुतलों का दहन मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद द्वारा रिमोट कंट्रोल बटन दबाकर किया गया। पंडाल जय श्री राम के नारों से गुंजायमान रहा। श्री रामलीला सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद का पटका पहनाकर और गद्दा भेंट कर स्वागत किया, जबकि अन्य अतिथियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

#### समाज निर्माण में योगदान दें

मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद ने कहा कि विजयादशमी असत्य, अहंकार और अत्याचार पर धर्म और अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज के दिन हमें अपने अंदर छिपी बुराइयों, छल और कपट को दूर कर समाज निर्माण में योगदान देना चाहिए।

#### नकारात्मक भावों को त्यागें: मेयर

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा, विजयादशमी केवल पर्व नहीं, बल्कि बुराइयों का अंत और नवनिर्माण का संदेश है। हमें अपने अंदर के नकारात्मक भावों को त्याग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए।/"कार्यक्रम में एसीजीएम श्री सुधीर, पार्षद संकल्प भंडारी, श्री रामलीला सभा रजि0 के प्रधान कपिल गर्ग, महा सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष मनीष दीवान, मैनेजर अनुज जायसवाल, सदस्य अंकित गर्ग, राघव गर्ग, उमेश गुप्ता सहित अन्य गण्यमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## गली-गली में जला रावण, बच्चों ने अपनाई अपनी परंपरा



करनाल। विजय दशमी का पर्व, जिसे दशहरा भी कहते हैं, अब सिर्फ बड़े ग्राउंड और रामलीला पंडाल तक सीमित नहीं रह गया है। आज के दौर में मोहल्लों, गलियों और बस्तियों में भी बच्चे और युवा अपने हाथों से रावण के पुतले बनाकर इसे धूमधाम से फूंकने की परंपरा को जीवित रख रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी करनाल के अलग-अलग मोहल्लों में बच्चों ने अपनी टीम बनाई। मिलकर उन्होंने पैसे इकट्ठा किए, लकड़ी और कपड़े के पुतले बनाए और अपने मोहल्ले में एक छोटे "दशहरा ग्राउंड" का निर्माण किया। रावण दहन के दौरान पूरे मोहल्ले में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।राघव शर्मा, अन्वीता कौर, अंकित गुप्ता और साक्षी जैन जैसे बच्चों ने बताया कि अब वे बड़े पंडाल में जाकर देखने के बजाय अपने मोहल्ले में ही रावण दहन का आनंद लेते हैं।

## इंद्री में श्री राम नाटक अमर क्लब ने फूंका 55 फीट के रावण का पुतला



इंद्री। दशहरे का पर्व श्री राम नाटक अमर क्लब द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर कस्बे में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमे श्री राम, हनुमान व वानर सेना की मनमोहक झांकियां निकाली गई । इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप व पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की व मंच का संचालन अशोक मलिक ने किया । श्री राम नाटक अमर क्लब व दशहरा कमेटी के प्रधान सतीश भाटिया ने बताया कि 55 फिट के रावण के पुतले का दहन कर दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर कस्बे मे एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमे ढ़ोल , बेंड बाजा,भगवान श्री राम, हनुमान, वानर सेना आदि की झांकियां शामिल रही ।

## गुगा माड़ी के नजदीक रानी तालाब में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व

- सुबह से ही रानी तालाब परिसर में चहल-पहल बनी रही।



तरावड़ी। तरावड़ी में इस बार दशहरा पर्व का आयोजन गुग्गा माड़ी के नजदीक रानी तालाब पर ऐतिहासिक और भव्य रूप से किया गया। श्रीराम मेला समिति द्वारा आयोजित इस पर्व में हजारों की संख्या में नगरवासी शामिल हुए और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। सुबह से ही रानी तालाब परिसर में चहल-पहल बनी रही। गैलेक्सी परिवार की ओर सुबह से ही मेला परिसर के पास विशाल भंडारें का आयोजन किया गया। गैलेक्सी परिवार से कृष्ण गोयल व विपुल गोयल ने पूजा अर्चना करके भंडारे का शुभारंभ किया। यह भंडारा सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। नगर पालिका की ओर से सफाई और सजावट का विशेष प्रबंध किया गया था। शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां, भक्ति गीत, बैंड-बाजे और रामलीला के जीवंत दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। जगह-जगह व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक भगवान दास कबीरपंथी व गैलेक्सी परिवार के कृष्ण गोयल ने शाम को रानी तालाब पर रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों को अग्नि देकर दहन किया। पहली बार तीनों पुतलों को एक साथ अग्नि दी गई। रावण का पुतला 55 फुट ऊंचा था जबकि मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले 50-50 फुट के बनाए गए।

## भगवान राम नाम के गायन से असीम ऊर्जा का आभास होता है : रिचा गुप्ता



- संगीत शिक्षा में सुनीता शर्मा और सरिता कुमार का विशेष योगदान रहा।

करनाल। भजन गायिका रिचा गुप्ता का भगवान राम के नाम पर गाया गया भजन सोशल मीडिया पर लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। अपनी मधुर आवाज और गहरी आस्था से उन्होंने हजारों श्रोताओं का दिल जीत लिया है। रिचा गुप्ता, सेवा भारती के प्रदेश कोषाध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता की पुत्री हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें बचपन से ही संगीत का शौक रहा और सातवीं कक्षा में उन्होंने बैंजो बजाकर शुरुआत की थी। उन्होंने एम.ए. म्यूजिक की पढ़ाई कर संगीत में गहराई हासिल की।

**प्रेरणा और मार्गदर्शन :** रिचा ने बताया कि उनकी संगीत शिक्षा में सुनीता शर्मा और सरिता कुमार का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा वह विवेक रंगा से भी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। वर्तमान में वह अंबाला के एक स्कूल में संगीत शिक्षिका के रूप में सेवाएं दे रही हैं।

## दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत व सत्य की शक्ति का प्रतीक: विधायक

- विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



क्षेत्र में दशहरे का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरौंडा में श्री रामलीला कमेटी की ओर से दशहरे पर्व पर शोभायात्रा निकाली गई। रावण दहन ऑडोटोरियम ग्राउंड में किया गया। जिसमे हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत दी। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत और सत्य की शक्ति का प्रतीक है।

वीरवर को घासी राम ट्रस्ट से दशहरे पर्व पर शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ ओर शहर के रेलवे रोड, मंडी मनी राम, मुख्य बाजार व अन्य मार्गो से होती हुई ऑडिटोरियम ग्राउंड में पहुंची। जहा पर दशहरे पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और रावण दहन की परंपरा निभाई ।

उन्होंने कहा कि यह परंपरा भगवान श्रीराम की रावण पर विजय और माता सीता की मुक्ति की स्मृति में होती है। दहन के साथ बुराइयों जैसे अहंकार, क्रोध, लोभ, और अधर्म को भी समाप्त करने का संदेश दिया जाता है। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, संजय खांची,राजेश गुप्ता,मनीष गुप्ता, मोहन जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दशहरे पर कोलोनाइजर का पुतला फूंका



करनाल। अल्फा इंटरनेशनल हाउसिंग सोसायटी (अल्फा सिटी) में बुनियादी सुविधाओं की कमी से नाराज निवासियों ने दशहरे पर कोलोनाइजर संतोष अग्रवाल का पुतला रावण के रूप में बनाकर जलाया। इससे पहले पुतले की शव यात्रा भी निकाली गई।

प्रदर्शन का आयोजन अल्फा रेज़ीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) ने किया जिसकी अगुवाई प्रधान प्रभजोत सिंह सिद्धू ने की। सैकड़ों निवासियों, महिलाओं और बच्चों ने इसमें भाग लिया। निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में सड़कें टूटी हुई हैं, स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं और गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। पेयजल संकट भी बना हुआ है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि प्रबंधन पार्कों में गंदा पानी डाल देता है जिससे बदबू फैलती है और बीमारियों का खतरा बना रहता है। सोसायटी की समस्याओं को विधायक राम कुमार कश्यप विधानसभा में उठा चुके हैं। निवासी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधायक जगमोहन आनंद, स्पीकर हरविंदर कल्याण और विधायक योगिंदर राणा से भी मिल चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। आरडब्ल्यूए के सदस्य कुलदीप वढैच, प्रवीण, संजीव, अमृत, संदीप शर्मा, सुरेंद्र, राजेश नरूला, नैत्र सिंह, बलराज, सचिन, आर्जव शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग विरोध में शामिल हुए। निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे 1 नवम्बर को काला दिवस मनाएंगे और चंडीगढ़ तक पैदल मार्च करेंगे।

## दशहरे पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया शस्त्र पूजन, नगर में पथ संचलन

- संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंच प्रण का संदेश लेकर जाएगा घर–

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दशहरे के अवसर पर शस्त्र पूजन और पथ संचलन का आयोजन कर अनुशासन और राष्ट्रभावना का परिचय दिया। संघ के जन्म के 100 वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम और भी विशेष रहा। सुबह सबसे पहले स्वयंसेवकों ने शाखा लगाई और ध्वज प्रणाम किया। पूर्ण गणवेश में सैकड़ों स्वयंसेवक घोष और वाद्य यंत्रों के साथ नगर की प्रमुख सड़कों से होकर गुजरे। पथ संचलन में 8 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

#### प्रतिबंधों से मजबूत हुआ संघ: रामेश्वर दास

मुख्य वक्ता रामेश्वर दास ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 1925 से अब तक की 100 वर्षों की यात्रा कठिनाइयों और संघर्षों से भरी रही, लेकिन संघ हर संकट के बाद और मजबूत होकर उभरा। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें भारत को झुकाना चाहती हैं, ऐसे में हमें स्वदेशी को अपनाकर आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन – सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी के प्रयोग को आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र कुमार यादव, निदेशक केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, ने कहा कि संघ ने जितना कार्य समाज और राष्ट्रहित में किया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

## समाचार संक्षेप

### लाल बहादुर शास्त्री ने बदल दी देश की दशा-दिशा

करनाल। गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी चौक पर गांधी जी की प्रतिमा और जिला कार्यालय कर्ण कमल में शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रवीण लाठर ने कहा कि शास्त्री जी को भले ही कम समय मिला, लेकिन उन्होंने देश की दशा और दिशा बदल दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी का स्वदेशी और सेवा का विजन जन-जन तक पहुँचना चाहिए। इस अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, चेयरमैन यशपाल ठाकुर, चेयरमैन शिवनाथ कपूर, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, पार्षद संकल्प भंडारी, निरूपमा सदर, गौरव खुराना, मोहन लोधी आदि मौजूद रहे।

### डॉ. वीरेंद्र ने किसानों व आढ़तियों की समस्याएँ सुनीं

निगदू। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने निगदू अनाज मंडी का दौरा किया और खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों की समस्याएँ सुनीं। किसानों और आढ़तियों ने कहा कि राइस मिलों की संख्या कम होने के कारण मंडी में खरीद सुचारू रूप से नहीं हो रही है। इस पर डॉ. चौहान ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक से बातचीत की और कहा कि और अधिक राइस मिलर्स को जोड़ा जाए। जो मिलर्स खरीद में सक्रिय नहीं हैं, उन्हें तुरंत अपने दायित्व का पालन करने के निर्देश दिए जाएं। डॉ. चौहान ने विधायक भगवान दास कबीरपंथी से भी चर्चा की और कहा कि विधायक लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं तथा किसानों की समस्याएँ प्रशासन तक पहुँचा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत मंडी परिसर में पौधारोपण किया।

### माँगा डीएपी, मिली पुलिस की लाठी : रतनमान

करनाल। हिसार जिले के श्यामसुख गाँव में डीएपी खाद लेने पहुँचे किसानों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने की घटना को लेकर प्रदेशभर में गुस्सा है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने इसे लोकतंत्र और किसानों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल बचाने के लिए खाद लेने आए थे, लेकिन सरकार ने उन पर लाठियाँ चलवाकर उनकी पीड़ा बढ़ाई। रतनमान ने सीधे तौर पर दोषी ठहराते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशभर में आंदोलन होगा।

### खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: आहुजा

तरावड़ी। तरावड़ी अनाज मंडी में गुरुवार को को कृषि मार्केटिंग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश आहुजा अचानक अनाज मंडी में पहुंचे। उनके औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही मार्केट कमेटी के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय हो गए। कृषि मार्केटिंग बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश आहुजा ने मंडी परिसर का दौरा कर धान की आवक, खरीद व्यवस्था तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा से धान खरीद प्रक्रिया की जानकारी मांगी और कर्मचारियों से भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि किसानों की फसल की खरीद में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनका पूरा दाम समय पर मिले और किसी भी किसान को परेशानी न उठानी पड़े, यह मंडी प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठ अधिकारी मुकेश आहुजा ने मंडी में मौजूद किसानों से भी सीधा संवाद किया। किसानों ने अपनी समस्याएं और अनुभव उनके समक्ष रखे।

## गांधी जयंती पर बुजुर्गों को सम्मानित किया

- बुज़ुर्गों और स्वतंत्रता सेनानियों को शॉल और पुष्पमालाओं से किया गया सम्मानित



करनाल। महात्मा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) और पंचायती राज संगठन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के उन बुजुर्गों को सम्मानित किया गया जिन्होंने गांधीवादी विचारधारा को अपने जीवन में उतारा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सादगी के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनकी विचारधारा समाज में शांति, भाईचारा और समानता कायम करने का सबसे मजबूत आधार है। जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि गांधी जी ने सच्चाई और त्याग के मार्ग पर चलकर हमें आदर्श जीवन का उदाहरण दिया। पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार ने कहा कि गांधीवादी विचार ही समाज को सही दिशा दे सकते हैं। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी कुंदन लाल शर्मा, कृष्ण लाल सेहरा, रूप चंद सुखीजा को शॉल और पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता, शमशेर सिंह गोगी, नवजोत कश्यप, नाहर संधू, राजेश चौधरी, कुलवंत कालेर, संजीव कम्बोज, किरण पाल, अशोक डाबरा, मंजीत सिंह महेन्द्रू, ओम प्रकाश सलूजा, इंदरजीत गोराया, ललित आहूजा आदि मौजूद रहे।

### सत्य, अहिंसा और स्वदेशी से मिली आज़ादी : राणा

करनाल। असंध विधायक योगेंद्र राणा ने गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत की आजादी का आंदोलन यह साबित करता है कि केवल सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के सहारे भी सदियों की गुलामी से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शास्त्री जी असाधारण नेता थे, जिनकी ईमानदारी और दृढ़ संकल्प ने कठिन समय में भारत को सशक्त बनाया।

### गांधी जी के आदर्शों मानव इतिहास की दिशा बदल दी

करनाल। विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेणु बाला गुप्ता ने गांधी जयंती पर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्शों ने न केवल भारत बल्कि पूरे मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने कहा कि सादगी और साहस समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं। सेवा और करुणा ही सशक्त समाज की नींव हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, विधायक योगेंद्र राणा, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अहिंसा के मार्ग पर चलने से भाईचारा मजबूत होगा : राजेश

नीलोखेड़ी/तरावड़ी। महात्मा गाँधी आज देश की जरूरत है जिस तरह से आज देश मे नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है व केवल अहिंसा के मार्ग पर चलने से ही देश मे भाई चारा मजबूत होगा उक्त विचार जिला करनाल कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने आज कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बुजुर्गों का सम्मान समारोह मे व्यक्त किए। राजेश वैध ने कांग्रेस जिला ग्रामीण कार्यालय में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर राजेश वैद्य ने गांधी विचारधारा के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले बुजुर्गों को सम्मानित भी किया। करीब एक दर्जन बुजुर्गों को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

### गैलेक्सी परिवार ने मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर में लगाया भंडारा

तरावड़ी। गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने माता-पिता की स्मृति में गैलेक्सी बासमती चावल के निर्माता गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड परिवार की ओर से में मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर के पवित्र स्थान पर नवरात्रि के उपलक्ष में गैलेक्सी परिवार की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा माँ नवरात्रि से लेकर चौदस तक भंडारा चलेगा। गैलेक्सी ग्रुप के एमडी विजय गोयल ने बताया की मां बाला सुंदरी जी की असीम कृपा से और गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों माता स्वर्गीय सत्या देवी पिता स्वर्गीय देवी चंद्र गोयल जी की याद में भंडारा चलाया जा रहा है। भंडारा प्रातः 4:00 बजे से लेकर रात्रि 12:00 बजे तक चलता रहता है।

**कार्यक्रम** पथ संचलन में भागीदार स्वयंसेवकों पर ग्रामीणों ने की पुष्प वर्षा

### आरएसएस ने मनाया विजयदशमी को 100वां स्थापना दिवस

## 27 सितंबर, 1925 को विजयदशमी के दिन हुई थी संघ की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वें स्थापना दिवस को देश में 2अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक अलग अलग स्थानों पर मण्डल स्तरीय कार्यक्रम करके मनाया जा रहा है गुरुवार को करनाल जिला के 12 स्थानों पर आरएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में खण्ड चौरा के गांव सदरपुर मण्डल में शताब्दी वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अध्यक्ष सह सामाजिक जिला समरसता प्रमुख स्वामी माधवआचार्य,मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह धनेश कुमार, खण्ड कार्यवाह योगेश कुमार,खण्ड प्रचार प्रमुख लखविंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओ ने विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन किया। ध्वजारोहण गीत एवं अमृत वचन के बाद मुख्य वक्ता धनेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजयदशमी के महत्व एवं संघ की स्थापना पर प्रकाश डाला। हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने का आह्वान किया। उन्होंनेबताया की संघ की स्थापना यूं तो वर्ष 27 सितंबर, 1925 को हुई। मगर संघ अपना स्थापना दिवस हर साल विजयादशमी के दिन ही आयोजित करता है। क्योंकि 27 सितंबर, 1925 के दिन ही विजयदशमी थी। ये वर्ष संघ स्थापना का 100 वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों को सप्ताह में एक बार एक निश्चित समय पर मिलना चाहिए, घर पर भक्तिभाव से भजन करना चाहिए।

#### स्वदेशी खरीदने का संकल्प दिलवाया

स्वदेशी अभियान के तहत मौजूद कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी सामान खरीदने के लिये संकल्प दिलवाया ताकि देश में लघु उद्योग को प्रोत्साहन मिले व देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने के प्रेरित किया और इसके साथ साथ सरकार की योजना एक पेड़ माँ के नाम से जुड़ने के लिए जागरूक किया।

#### पुष्प वर्षा कर लोगों ने किया स्वागत

बौद्धिक कार्यक्रम के बाद सभी नगरों व गांव में कार्यकर्ताओं ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने पथ संचलन का स्वागत किया।कार्यक्रम में जिला सह प्रचार प्रमुख प्रमाल, जिला नागरिक पत्रकारिता प्रमुख संदीप लोहट, सह शारिरिक दिनेश कुमार,सह जिला सम्पर्क प्रमुख जितेंद्र कुमार, सन्दीप कुमार सह खण्ड कार्यवाह,विजय, अनित कालड़ा,

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता के अध्यापकों को सम्मानित किया

**इसराना।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांव मडलौडा में प्रिंट रिच प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी उत्साही एवं रचनात्मक अध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी अश्वनी, स्कूल की प्राचार्या सुषमा रावल, एफएलएन समन्वयक सुमन, राजेश असिस्टेंट सुप्रिटेंडेंट, खंड के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक आदि उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम का सफल करते हुए पवन जांगड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### पेंचक सिलाट में पदक जीते

**समालखा।** जूनियर एशियन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में चांद स्पोर्टस एकेडमी के खिलाड़ियों 39 किग्रा वर्ग में मोहित ने कांस्य पदक, 47 में श्लोक ने कांस्य पदक, 47 में जिया ने रजत पदक व 75 किग्रा वर्ग में आशू ने रजत पदक जीता है। कोच राजीव कुमार ने बताया कि तीसरी जूनियर एशियन पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप का आयोजन जम्मू-कश्मीर के शेर-ए- कश्मीर स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में 12 देशों के खिलाडियों ने भाग लिया था। वहीं, विजेता खिलाडियों का समालखा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

### डिसप्ले बोर्ड लगाने की मांग

**पानीपत।** समाजसेवी सुरेश नांरग ने नगर निगम प्रशासन से मांग की कि जहां पर विकास कार्य चल रहे है वहां डिसप्ले बोर्ड लगाया जाए, ताकि जनता को विकास कार्यों की पूर्व जानकारी मिल सके। वहीं, बोर्ड पर ठेकेदार का नाम व फोन नम्बर वार्ड नम्बर, काम किस प्रकार का टेंडर नंबर के काम शुरू करने की तिथि काम खत्म करने की तिथि वार्ड पार्षद का नाम कार्य प्रगति है।

### निराश्रित बच्चों के लिए शिविर लगेगा

**पानीपत।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की हरियाणा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष बबीता सिंह ने बताया कि पाइट संस्कृति विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से संगठन द्वारा शीघ्र ही निराश्रित बच्चों के लिए विद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट एवं आत्मरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं शिविर लगाने में राष्ट्रीय सनातन सेना की सीमा जून, पूनम पूनिया, ऊषा सैनी, मेघा तनेजा, नीलम गखड़, बबीता भारद्वाज, मीनू अहलावत, गुलशन हंस आदि सहयोग देगी।

### जीडी गोयंका में दशहरा मनाया

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में विजयदशमी का पर्व बड़े हर्षोउल्लास से मनाया गया। बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से राम वनवास, सीताहरण, रावण वध का मंचन किया। जबकि विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने दशहरे के पावन पर्व पर सबको हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, मुस्कान जैन, शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पौधों की देखरेख करेगा आईटीआई

**पानीपत।** आईटीआई प्रांगण में पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज के जन्मदिन पर 'हरित पानीपत मिशन' के तहत फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट के सहयोग से रोपे गए 5100 पौधे की देख रेख आईटीआई प्रशासन करेगा। वहीं पौधों को जवान करने में आईटीआई का शैक्षणिक स्टाफ, विद्यार्थी व अन्य स्टाफ करेगा। यह जानकारी आईटीआई के प्राचार्य कृष्ण कुमार आदि ने दी।

### नशा तस्करों का नहीं लगा सुराग

**पानीपत।** एंटी नारकोक्टिस सेल पुलिस टीम ने गांव पट्टीकल्याणा के पास स्थित पहलवान ढाबा के परिसर में खड़े एक बंद बॉडी कैंटर से नशे की खेप पकड़ी है। वहीं, एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस केस दर्ज के तार रोहतक निवासी हरजीत से जुडे है। हरजीत, राजस्थान व मध्य प्रदेश से मादक पदार्थ तस्करी कर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली में सप्लाई करता है। पुलिस हरदीप की तलाश कर रही है। जल्द ही उसे पकड कर इस केस का खुलासा किया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का विजयादशमी पर हुआ भव्य पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जहां अपना 100 वां स्थापना दिवस मना रहा है, वहीं, विजयादशमी पर्व पर केशव, लव कुश, भक्त सिंह उपनगर में शस्त्र पूजन व पथ संचलन किया। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में छह खंडों के 12 मंडलों में शिमला गुजरान, खोजकीपुर, छाजपुर, बबैल, शेरा, थर्मल, इसराना, मांडी, परढाना, पट्टीकल्याणा, चुलकाना, नारायणा शस्त्र पूजन व पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इधर, संघ की परंपरा के अनुरूप यह कार्यक्रम अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का सशक्त प्रदर्शन देता है।

**खास बातें**

- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना 100वे स्थापना दिवस मना रहा है, स्वयं सेवियों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया

## हिंदू समाज 'वसुधैव कुटुम्बकम' के महान विचार का पोषक और संरक्षक है

### एकता व सद्भाव का सशक्त संदेश दिया

इस अवसर पर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। वहीं नागरिकों ने स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा का उनका भव्य स्वागत किया। इधर, जनता ने पथ संचलन को देखकर न केवल संगठन की शक्ति का अनुभव किया, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का सशक्त संदेश भी प्राप्त किया। वहीं, भक्त सिंह उपनगर में पथ संचलन मुख्य मार्गों से होकर गुजरते हुए वापस सनातन धरम विद्या मंदिर स्कूल हुडा सेक्टर 11/12 में ही संपन्न हुआ। जबकि केशव उपनगर में सावन भादों पार्क, राधा कृष्ण मंदिर के सामने (आठ मरला) क्षेत्र में , लव कुश उपनगर हुडा सेक्टर 18 क्षेत्र में पथ संचलन हुआ, नगर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र स्वयं सेवकों की दृढ़ चाल, अनुशासनबद्ध कदम और राष्ट्रगीतों की धुन थी।






पानीपत। विजयादशमी पर्व पर संबोधन करते हुए आरएसएस के कुरुक्षेत्र विभाग सह संघचालक सुशील गौड व यश देव त्यागी लवकुश उपनगर संघ चालक।

### हिन्दू समाज भारत के प्रति उत्तरदायी है

शिवाजी ने अपने पास बाघ नख ना रखा होता तो उनकी हत्या कर दी जाती अर्थात शस्त्र ही शक्ति है, उन्होंने संघ की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में स्वयं सेवकों की भूमिका तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विगत कई दशकों से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सेवा, संस्कार और संगठन का कार्य कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक सदैव सक्रिय रहते हैं। हिंदू समाज की शक्ति, सद्गुण और संगठित चरित्र राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विकास की गारंटी देते हैं। हिंदू समाज भारत के प्रति उत्तरदायी है। यह एक समावेशी समाज है। यह 'हम और वे' की मानसिकता से मुक्त है और मुक्त रहेगा, जो अनेक नामों और रूपों के सतही भेदों के आधार पर विभाजन पैदा करती है। हिंदू समाज 'वसुधैव कुटुम्बकम' के महान विचार का पोषक और संरक्षक है। इसलिए हिंदू समाज का कर्तव्य है कि वह भारत को समृद्ध और संपूर्ण विश्व में योगदान देने वाला देश बनाए।

## लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थित में रावण का कुनबा धूं धूं जल कर जला

# पानीपत में विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया

*परंपरा अनुसार श्रीराम सेवा दल, नूरवाला से भगवान श्रीराम व लक्ष्मण पधारे और भव्य मंचन उपरांत रावण, मेघनाथ एवं कुंभकर्ण का वध किया*





पानीपत। हुडा सेक्टर 13/17 में विजयदशमी पर्व पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व रावण के कुनबे के दहन को देखने उमडी श्रद्धालुओं की भीड।

**हुडा सेक्टर 13/17 में श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड द्वारा भव्य इंतजाम किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं पानीपत सिटी के हुडा सेक्टर 13/17 में, श्री देवी मंदिर में, शिवाजी स्टेडियम में, हुडा सेक्टर 25 क्षेत्र में दशहरा पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थित में रावण का कुनबा धू धू जल उठा। इधर, हुडा सेक्टर 13/17 में श्रीराम दशहरा कमेटी, बरसत रोड द्वारा भव्य इंतजाम किए गए थे। परंपरा अनुसार श्रीराम सेवा दल, नूरवाला से भगवान श्रीराम व लक्ष्मण पधारे और भव्य मंचन उपरांत रावण, मेघनाथ एवं कुंभकर्ण का वध किया गया।

ठीक शाम करीब छह बजे रावण दहन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत लोकेश दास महाराज, अध्यक्ष, स्वामी जगन्नाथ धाम ट्रस्ट, ऋषिकेश ने की। जबकि श्री गणेश पूजन विधायक प्रमोद विज, आशीष विज, जिला उपाध्यक्ष भाजपा पानीपत नवीन भाटिया आदि ने किया।

कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, उद्योगपति अतुल मित्तल, नितेश मित्तल, नवीन कुंडु, अनिल चौधरी, अंकित ग्रोवर अमित वर्मा, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने अथिति के रूप में शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मेयर कोमल सैनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुकेश टुटेजा, गुरु हाजी साधना आदि ने की।

### दशहरा उत्सव आयोजित

**पानीपत।** डीएवी पब्लिक स्कूल में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं किंडरगार्टन विंग के नन्हें-मुन्नों ने भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकियां प्रस्तुत कर बुराई पर अच्छाई की विजय का सन्देश दिया। विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक और भजन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने बच्चों को दशहरा का महत्व समझाते हुए कहा कि हमें सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा जीवन से अहंकार, क्रोध और असत्य जैसी बुराइयों को दूर करना चाहिए।



पानीपत। उपायुक्त व पुलिस कप्तान, बाबरपुर मंडी में धान की खरीद का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### धान की आवक का सिलसिला शुरू

# पराली जलाने वाले किसानों पर केस दर्ज होगा: डॉ. दहिया

- उपायुक्त का किसानों को एक-एक दाने की खरीद का आश्वासन, पुलिस कप्तान ने मंड़ी के सुरक्षा इंतजाम जांचे

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत की बाबरपुर अनाज मंडी में धान की आवक का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंड़ी में किसानों की लंबी-लंबी ढेरियों के साथ झरनों की आवाज दूर तक सुनाई देने लगी है। गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बाबरपुर अनाज मंडी का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद किसानों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। वहीं, डॉ दहिया ने साफ कहा कि किसानों की मेहनत का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। मंडी में आने वाले किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिस दिन किसान की फसल मंडी में पहुंचे, उसी दिन उसकी परचेजिंग हो और धान की फसल का तत्काल उठान सुनिश्चित किया जाए।

### अधिकारियों को निर्देश दिए

डॉ. दहिया ने कहा कि जिले में धान में यदि 17 प्रतिशत तक मॉइश्चर पाया जाता है, तो किसान से बात कर उसकी फसल खरीदी जा सकती है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉइश्चर की समस्या को लेकर किसानों को सही जानकारी दी जाए और इस दिशा में राहतकारी कदम उठाए जाएं। डीसी ने बताया कि जिले में इस बार 1,85,000 एकड़ में धान की बिजाई हुई है, जिसमें 1,70,000 एकड़ में पीआर और 15,000 एकड़ में परमल धान की खेती की गई है। निरीक्षण के दौरान एक किसान ने उप उपायुक्त से शिकायत की कि उसकी फसल का पंजीकरण नहीं हुआ है। डीसी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि मंडियों में किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। वहीं डीसी डॉ दहिया ने चेताया कि पराली जलाने वाले किसान पर पुलिस केस दर्ज करेगी।



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि मलिक, छात्रा हश्मीता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पर्यावरण के लिए काम करें छात्र : डॉ. शशि

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आईबी कॉलेज की बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा इश्मीत ने डीबीजी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित "पर्यावरण जागरूकता विषयक नारा लेखन प्रतियोगिता" में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से इश्मीत ने अपने सशक्त विचारों और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के माध्यम से निर्णायक मंडल को विशेष रूप से प्रभावित किया। अंतर्गत इश्मीत को प्रमाणपत्र एवं दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता की इंचार्ज प्रो. अंजलि गुप्ता, उप-प्राचार्य डॉ. किरन, डॉ. पूनम प्रो अश्वनी आदि उपस्थित रहे।



## हरियाणा ओलंपिक आर्चरी खेलों के लिए टीम का चयन किया

**पानीपत।** एनवी आर्चरी एकेडमी, पानीपत में वीरवार को हरियाणा ओलंपिक आर्चरी खेलों के लिए जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से आए तीरंदाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वहीं, कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद पानीपत ज़िले से चयनित खिलाड़ियों के नाम घोषित किए गए। कंपाउंड पुरुष वर्ग में यश दिवान ने प्रथ्ज्ञम, हर्षित द्वितीय, सितांशु तृतीय, आहान का चतुर्थ स्थान पर चयनित हुआ। इधर, रिकर्व पुरुष वर्ग में मुकेश ने पहले, उन्नत दूसरे, राहुल तीसरे, दक्षच चौथे स्थान पर चयनित हुए। वहीं, पानीपत जिला आर्चरी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि चयनित तीरंदाज, हरियाणा ओलंपिक खेलों में पानीपत जिला का नाम रोशन करेंगे।

### राधिका ने अल्जीरिया में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया

# युवाओं के संघर्ष करने की शक्ति देते हैं खेल: कौशिक

- राधिका को शॉल भेंट कर, कोच नरेंद्र , आकाश मलिक ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

विश्व स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली इंटरनेशनल रेसलर राधिका जागलान और उसके परिवार व कोच ओम जागलान का बुआना लाखु गांव में फैला उजियारा फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक, कोच नरेंद्र मलिक, आकाश मलिक और सरपंच प्रतिनिधि बाल पहलवान व ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्मरणीय है कि राधिका ने अल्जीरिया में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया और अपने प्रतिद्वंद्वी को कडी टक्कर दी। वहीं, राधिका कश्मी मुकाबले के दौरान घायल हो गई और उन्हें अपना मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा।



पानीपत। इंटरनेशनल रेसलर राधिका जागलान को सम्मानित करते हुए फैला उजियारा फाउंडेशन अध्यक्ष रंजीता कौशिक, आदि। फोटो : हरिभूमि

### उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं

राधिका कार्यक्रम में फाउंडेशन अध्यक्ष रंजीता कौशिक ने राधिका को शॉल भेंट कर, कोच नरेंद्र मलिक, आकाश मलिक ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कौशिक ने कहा कि राधिका जैसी खिलाड़ी देश की असली पहचान बन रही हैं। उन्होंने राधिका को 'हरियाणा की शान' बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं व कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में भागीदारी करना भी किसी मेडल से कम नहीं है। इस अवसर पर बलिंद्र गुलिया, जय करण जागलान, रामकुमार जागलान, कुलदीप मलिक, रामकुमार, वेद वशिष्ठ, सिकंदर पहलवान, बबला पहलवान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### धान की पेमेंट 48 घंटे में मिलेगी

**इसराना।** इसराना व मतलौडा ब्लाक की मंडियों में धान की आवक लगातार तेज हो रही है। वहीं, वीरवार को एसडीएम इसराना नवदीप नैन और नोडल अधिकारी विवेक चौधरी ने मतलौडा व इसराना की अनाज मंड़ियों का दौरा किया। उन्होंने मंडी में पहुंचकर वहां मौजूद किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है और उन्हें मंडी में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। वहीं, किसानों को उनकी फसल का भुगतान अधिकतम 48 घंटे के भीतर मिलेगा।

- मंडी में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी

## हर नागरिक को शास्त्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए धरातल पर कार्य करना होगा

*बापू व लाल बहादुर को जयंती पर श्रद्धांजलि दी*

# महात्मा गांधी विश्व पटल पर शान्ति और अहिंसा के प्रतीक के तौर पर जाने जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के खादी आश्रम में वीरवार को राष्ट्रपिता मोहन दास कर्म चंद गांधी की 156वीं जयंती एवं देश रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर्व उत्साह पूर्वक मनाए गए। इस सभा की अध्यक्षता खादी आश्रम, पानीपत की अध्यक्षा शिक्षाविद् निर्मल दत्त ने की तथा सभा का संचालन मीनाक्षी ने किया। प्रदेश की खादी एवं रचनात्मक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने चर्चा कताई करके सूत्र यज्ञ में भाग लेकर दोनों महान नेताओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर खादी आश्रम, पानीपत व स्वतन्त्रता सेनानी उतराधिकारी संगठन पानीपत की अध्यक्षा निर्मल दत्त ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में भारत समेत पूरी दुनिया हिंसा और आतंकवाद से त्रस्त व ग्रस्त है। नई पीढ़ी हिंसा के साये में जी रही है और हिंसा से ही समस्याओं का समाधान निकालने पर उतारू है, तब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रासंगिक नजर आते हैं। सत्याग्रह, अहिंसा और शान्ति का रास्ता चुनकर न केवल अंग्रेजी दासता से देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि सन 1947 में विभाजन के समय देश में उपजी सामाजिक विद्वेष की स्थितियों को भी काबू में करने की सार्थक कोशिश की गई थी।



पानीपत। खादी आश्रम में बापू व लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर चरखा कात कर श्रद्धांजलि देते हुए गांधीवादी। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलवाई

यही कारण है कि आज भी महात्मा गांधी विश्व पटल पर शान्ति और अहिंसा के प्रतीक के तौर पर जाने जाते हैं। गांधी जी के अहिंसा के सिद्धांत को मानते हुए संयुक्त राष्ट्र भी वर्ष 2007 से उनकी जयंती दो अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश के हर नागरिक को शास्त्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए धरातल पर कार्य करना होगा। इस अवसर खादी आश्रम पानीपत के सचिव मुकेश कुमार शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को राष्ट्र, समाज और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ भी दिलवाई।

### इस्कॉन ने दशहरे पर भव्य संकीर्तन किया

**पानीपत।** इस्कॉन द्वारा दशहरा के पावन अवसर पर साईं बाबा चौक पर भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भक्तों ने हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन पर नृत्य किया और आम जनता को भी अपने साथ नृत्य करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वातावरण भक्ति-मय हो गया। वहीं, कार्यक्रम में हनुमान स्वरूपों ने भाग लिया। जबकि कार्यक्रम में इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद द्वारा लिखित पवित्र ग्रंथों का वितरण भी किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग भगवद् भक्ति के मार्ग पर अग्रसर हो सकें। वहीं, इस्कॉन पानीपत ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागृति फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

- भक्तों ने हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन पर नृत्य किया







अंबाला। नपा अध्यक्ष रजत मलिक रिमोट का बटन दबाकर रावण के पुतले को आग के हवाले करते हुए व जलते पुतलों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



अंबाला। सेक्टर 8 में पुतला दहन का दृश्य व जमा लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### आतिशबाजी से सजा विशाल पुतला धूं-धूं कर जला और पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा

इको-फ्रेंडली आतिशबाजी का किया उपयोग

# धूमधाम से मना दशहरा, रिमोट से दहन हुआ 80 फुट ऊंचा रावण का पुतला

## बरसात के बीच रावण-मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

**अंबाला।** अंबाला शहर में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि अंबाला शहर के सेक्टर-8 स्थित हुडा ग्राउंड, शहर के रामबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर ग्राउंड, प्रेम नगर रामलीला पार्क, बलदेव नगर के बरनाला रोड ग्राउंड में बड़े ही विशाल स्तर पर रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले लगाए गए थे। यहां दिन भर महिला श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन आदि के कार्यक्रमों में भाग लिया, इसी उपलक्ष में विभिन्न रामलीला संगठनों की ओर से शोभायात्राएं भी निकाली गईं। जिसमें भगवान श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव सेना, भगवान शिव-पार्वती, परशुराम, वाल्मीकी, लंकापति रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण सहित अनेको झांकिया सजाई हुई थी, जोकि शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए रावण दहन ग्राउंड तक पहुंची, जहां भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, हनुमान सहित सुग्रीव सेना ने रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के साथ महायुद्ध किया, तत्पश्चात विधिवत भगवान श्रीराम-लक्ष्मण द्वारा रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। विशाल पुतले आतिशबाजी के साथ धूं-धूकर जलते हुए दिखाई दिए। दशहरा पर्व के मौके पर अचानक बदले मौसम को देखते हुए सभी दशहरा संगठनों ने पुतले दहन करने का कार्यक्रम कुछ समय पहले ही कर दिया था।

### मेले बारिश की भेंट चढ़े

दशहरा पर्व के मौके पर शाम करीब 6 बजे हुई झमाझम बारिश ने जनजीवन अस्त-वस्त कर दिया, जहां दशहरा ग्राउंड में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही, वहीं अचानक हुई तेज बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा कर रख दी। भारी तेज बारिश शुरू होने पश्चात लोग बारिश से बचने के लिए इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

■ रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया

वीरवार की शाम कस्बे और नजदीकी गांव अधोया में दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। हजारों की भीड़ उमड़ी और आसमान तक गूंजे जय श्रीराम के नारों के बीच रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। बराड़ा में इस बार रामलीला क्लब द्वारा 80 फुट उंचा रावण का विशाल पुतला तैयार किया गया था, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। रेलवे लाइन के पास स्थित पुराने मैदान में अब रिहायशी मकान बनने के कारण जगह की कमी के बावजूद आयोजन समिति ने पूरे उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। मैदान में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विशेष आकर्षण के रूप में इस बार आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया। नगर पालिका बराड़ा के चेयरमैन रजत मलिक ने करीब शाम साढ़े छह बजे रिमोट का बटन दबाकर रावण के पुतले को अग्नि के हवाले किया। देखते ही देखते आतिशबाजी से सजा विशाल पुतला धू-धू कर जल उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। आयोजन समिति के प्रबंधक विक्रम राणा ने बताया कि महोत्सव में इको-फ्रेंडली आतिशबाजी का उपयोग किया गया, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और दर्शकों को रंगारंग नजारा भी मिले। इस अवसर पर समाजसेवी वैभव सिंगला, लक्की पाहवा, सतीश राणा, अमरपाल राणा, प्रमोद जैन, सोनी कोचर, बबू मंकड, साहिल चावला, सतनाम दास कुमार, गगन सिंह बग्गा, कृष्ण राणा, ब्लाक समिति उप प्रधान मलकीत सिंह, बाबर खान, बलजिंदर आदि मौजूद थे।

### 65 फुट रावण के पुतले का दहन

दूसरी ओर गांव अधोया में भी रामलीला क्लब ने इस बार 65 फुट उंचा रावण का पुतला तैयार किया था। खास बात यह रही कि यह पुतला स्थानीय कलाकार गुरबचन प्रजापत, उनके भाई गुरबख्श और पिता राजेश प्रजापत ने मिलकर अपने हाथों से तैयार किया। पुतले में आकर्षक आतिशबाजी भरी गई थी, जिसके चलते दहन के साथ ही पूरा आसमान रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगा उठा। गांव अधोया में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका के नामित एमसी बलजिंदर सिंह जग्गी रहे। उन्होंने पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समिति के प्रयासों की सराहना की। रामलीला क्लब अधोया के प्रधान संदीप चौहान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग दशहरा देखने पहुंचे।आयोजन में क्लब के महासचिव अनिल अलहावादी, राजमोहन रावत, प्रेम राज बिल्ला, श्याम वर्मा, राजीव गर्ग, संजीव धीमान, यशपाल शर्मा, कृपाल राणा समेत कई गणमान्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सुरक्षा के विशेष प्रबंध

सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम दोनों ही जगहों पर किए गए थे। समिति ने मैदान में बैरिकेडिंग, लाइट और पानी की व्यवस्था कराई थी। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और खानपान के स्टॉल भी लगाए गए। बराड़ा और अधोया दोनों जगह हुए इन आयोजनों ने साबित कर दिया कि समय और परिस्थिति चाहे जैसे हों। लोगों ने रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश लिया और उल्लास के साथ दशहरे का पर्व मनाया।

## दशहरा पर्व पर छात्रों ने किया रामलीला का मंचन, पुतलों का किया दहन




**नारायणगढ।** माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय ने गांधी जयंती और दशहरा को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों के बीच सत्य, अहिंसा और धार्मिकता के मूल्यों को स्थापित करने के लिए किया गया था। उत्सव की शुरूआत गांधी जयंती पर एक भाषण के साथ हुई, जिसमें महात्मा गांधी के जीवन, सिद्धांतों और योगदानों पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने राष्ट्रपिता को समर्पित एक कविता पाठ प्रस्तुत की, जिसने शांति और सादगी के संदेश को फैलाया । इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, किंडरगार्टन के छात्रों ने गांधी जयंती और दशहरा के विषयों के आधार पर एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। छोटे-छोटे नन्हे-मुन्नों ने महात्मा गांधी, फ्रीडम फाइटर्स, भगवान राम, सीता, हनुमान और रावण का अवतार धारण किया हुआ था। जिसमें वह बहुत सुंदर और आकर्षक लग रहे थे। दशहरा समारोह के दौरान राम दरबार पूजा आयोजित की गई। छात्रों द्वारा रामलीला के कुछ दृश्यों को प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों द्वारा बच्चों को रावण दहन के साथ अपने जीवन की बुराई को दूर करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## बुराई चाहे कितनी भी बड़ी हो उसका अंत निश्चित होता है, विजय दशमी पर पुतलों का हुआ दहन, पूर्व विधायक ने दिया प्रेरक संदेश

**नारायणगढ़।** विजयदशमी पर्व पर वीरवार को यहां के पुराने बस स्टैंड मैदान में रावण व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा उद्योगपति शिव शंकर गोयल द्वारा किया गया।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। यह पर्व केवल पुतले जलाने का प्रतीक नहीं है, बल्कि अपने भीतर की नकारात्मकताओं-काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को समाप्त करने का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने अंदर की बुराइयों को हराएंगे तभी सच्चे अर्थों में यह पर्व सार्थक होगा।



विजयदशमी पर्व पर रावण व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व कलाकारों के साथ पूर्व विधायक व अन्य।

### 51 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा

उद्योगपति शिव शंकर गोयल ने भी विजयदशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि विजयदशमी का पर्व भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर है। यह पर्व हमें जीवन में सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और सदाचार को अपनाने के साथ-साथ समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देता है। उन्होंने संस्था को 51 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की।

## रावण दहन आंतरिक व सामाजिक कुरीतियों के विनाश का प्रतीक युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने युवाओं को दिया धर्म और संस्कारों का प्रेरक संदेश

**अंबाला।** विजयदशमी के पर्व पर अंबाला छावनी के लालकुर्ती बाजार में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने शिरकत की इस अवसर पर लालकुर्ती के स्थानीय बच्चों सुधांशु, अखिल, माधव, करण, अर्जुन, मोनू, बब्बू, नमन, रजत, छोटू, पंकुर ने पुतला तैयार किया।बच्चों द्वारा तैयार किए गए रावण,कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।बच्चों द्वारा तैयार किए गए पुतले ऐसे थे मानो किसी बड़े कलाकार ने इन पुतलों को तैयार किया हो। इस अवसर पर चित्रा ने लालकुर्ती युवा रामलीला कमेटी को इस भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई भी दी।



अंबाला। रामलीला कलाकारों के साथ युवा नेत्री चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

### पर्व सामाजिक विकारों के दहन का प्रतीक

चित्रा ने स्थानीय लोगों व मेले में शिरकत करने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व केवल आतिशबाज़ी और पुतलों के दहन का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन के साथ-साथ आंतरिक व सामाजिक विकारों के दहन का प्रतीक और अवसर है। अहंकार, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोज़गारी, नशा, सांप्रदायिकता, अपराध, शिक्षा का आभाव, महिलाओं पर अपराध, भेदभाव और झूठे वादे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र की 62 महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी गई



अंबाला। महिलाओं के साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

■ मेरा आसमान एनजीओ की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को मेरा आसमान एनजीओ ने एक सराहनीय पहल करते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतमंद महिलाओं को 62 सिलाई मशीनें वितरित कीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। मशीनें पाकर महिलाओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सभी महिलाओं को विजय दशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि यह केवल विजय दशमी का पर्व ही नहीं बल्कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसी महान विभूतियों की जयंती भी है।

### महत्वपूर्ण कदम

असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने के संदेश को ध्यान में रखते हुए, मेरा आसमान एनजीओ का यह प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तो समाज और राष्ट्र की प्रगति अपने आप तय होगी । गोयल ने कहा कि जिस प्रकार देश में /"वोकल फॉर लोकल/" अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है, उसी कड़ी में अंबाला में यह पहल की गई है। सिलाई मशीनों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने घर की जिम्मेदारी संभालेंगी बल्कि स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से भी मजबूत होंगी।

### कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन

इस अवसर पर असीम गोयल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें वर्ष में प्रवेश को भी ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, "आज संघ के सभी स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन है। राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र निर्माण की यह यात्रा 100 वर्षों से निरंतर और अविरल रूप से चल रही है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि इस पावन यात्रा का हिस्सा बना हूं।" कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के हालिया बयान पर भी असीम गोयल ने तीखा पलटवार किया। सुरजेवाला ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने हरियाणा को /"गुंडों, अपराधियों और माफिया/" को सौंप दिया है। इस पर गोयल ने कहा कि, "हरियाणा की जनता सुरजेवाला को भूल चुकी है। वे केवल अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। जब वे विधायक थे तब भी जनता उन्हें गंभीरता से नहीं लेती थी, और आज तो उनकी खुद की कांग्रेस पार्टी भी उन्हें महत्व नहीं देती। ऐसे में उनके आरोपों की कोई प्रासंगिकता नहीं है।

### एमडीएसडी कॉलेज में हुआ आयोजन, छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी ली दिलचस्पी

गांधीजी के विचारों और साहित्यिक धरोहर से जोड़ने का अवसर

## बुक प्रदर्शनी के जरिए छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित बुक प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का विशेष विषय महात्मा गांधी एंड पॉवर व ऑफ बुक्स रखा गया। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को गांधीजी के विचारों और साहित्यिक धरोहर से जोड़ने का अवसर मिला।

कॉलेज के छात्र-छात्राओं और फेकल्टी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। प्रदर्शनी में महात्मा गांधी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित पुस्तकों के साथ-साथ दुर्लभ एवं मूल्यवान संग्रह, अकादमिक और संदर्भ सामग्री, प्रेरणादायक जीवनियां, कथा साहित्य, जर्नल्स, मैगज़ीन और डिजिटल संसाधन प्रदर्शित किए गए।



अंबाला। बुक प्रदर्शनी के दौरान शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

### विशेष सराहना

गांधीवादी दर्शन पर विशेष सेक्शन को विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विशेष सराहना दी। साथ ही इंटरेक्टिव सत्रों में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी प्रतिक्रियाएं फीडबैक कॉर्नर में सांझा की। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान ने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने और गांधी जी के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का एक सार्थक प्रयास रही।

### आरएसएस की ओर से शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम

## स्वयंसेवकों को समाज और राष्ट्र हित के लिए कार्य करने के लिए तत्पर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ अंबाला कैंट और सिटी में पांच स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने वीरवार को विजय दशमी एवं संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष पर अंबाला कैंट और सिटी में पांच स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए।

इस दौरान उप नगर स्तर पर इस बार यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने पहले बोद्धिक में संघ के पदाधिकारियों से जानकारियां ली। इसके बाद पथ संचलन किया। इस दौरान शस्त्र पूजन भी किया गया। इन कार्यक्रमों में अंबाला कैंट में एसडी कॉलेज और बीडी हाईस्कूल तो सिटी में पुलिस लाइन मैदान, जियो गीता पार्क व एसए जैन कॉलेज में आयोजित हुआ। गुरु नानक उप नगर का कार्यक्रम सनातन धर्म कॉलेज अंबाला छावनी में सुबह 8 बजे आरंभ हुआ। पहले जिला संघचालक प्रदीप, प्रांत बौद्धिक प्रमुख भूपेश और मुख्य अतिथि जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राहुल दत्त ने शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह जीवन और उप नगर कार्यवाह राहुल ने किया और इसके बाद स्वयंसेवकों ने अनेक विधाओं का प्रदर्शन किया।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती

छात्रों ने परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सत्य अहिंसा और स्वच्छता का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त प्रशिक्षु एवं स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का प्रतीक रहा है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। स्वच्छता केवल हमारे आस-पास के वातावरण को ही नहीं, बल्कि हमारे जीवन को भी शुद्ध और अनुशासित बनाती है। इस अभियान में छात्रों ने परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता की आदत विकसित करना और समाज में जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला। महात्मा गांधी की जयंती पर पौधरोपण करते छात्र व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*मौके पर पवन कुमार, आरती, अंजू बाला, दीपक शर्मा, सतीश कुमार, कर्मजीत सैनी, रोहित कुमार, अजीत, संदीप, अभिलाष, कुर्बान सिंह, रमेश कुमार, दीपक ढाका, गौरव सैनी एवं अन्य स्टाफ सदस्य तथा संस्थान के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।*

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू

**अंबाला।** अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में 4 से 5 अक्तूबर को होने जा रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट - 2025 (ज़ोनल लेवल) के लिए जोर शोर से तैयारियां चल रही है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बताया कि डीएवी संस्थाओं के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये यह प्रतियोगिता देशभर में कराई जाती है। उन्होंने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट (ज़ोनल लेवल) के बारे में कहा कि यह प्रतियोगिता 4 से 5 अक्तूबर तक चलेगी। इसमें प्रदेश से करीब 40 डीएवी स्कूलों के 700 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में लॉन टेनिस, बॉक्सिंग और स्किप्पिंग रोप जोनल लेवल पर गेम्स होंगी। इसमें लड़के व लड़कियों के अंडर-14 , 17 , 19, के मुकाबले होंगे। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का वजन 3 अक्तूबर को किया जाएगा।